त्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

—————

—————

क्रिसमस पर राज्यपाल की बधाई

—————

लखनऊः 25 दिसम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने क्रिसमस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर ईसाई समुदाय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की है।

क्रिसमस के अवसर पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि प्रभु यीशु ने असहाय और पीड़ित मानवता को प्रेम, करूणा और अटूट संकल्प शक्ति का जो सन्देश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। प्रभु यीशु की शिक्षाओं पर चलकर सभ्य समाज का निर्माण किया जा सकता है।

श्रीमती पटेल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि सभी लोग कोरोना महामारी के परिप्रेक्ष्य में सावधान और सतर्क रहें, भीड़भाड़ से बचें तथा सामाजिक दूरी के साथ मास्क का प्रयोग करते हुए पर्व को मनायें।

—————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (98/16)